# विषय : गणित Set-C

नोट : सभी प्रश्नों हल कीजिए।

निर्देश : (i) कैलकुलेटर के प्रयोग की अनुमति नहीं है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 में दो खण्ड हैं। खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न तथा खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक आबंटित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं।

1. (खण्ड-अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए—

(i) 2 : 3 का घनानुपात होगा :

(अ) 6 : 9 (ब) 9 : 6

(स) 8 : 27 (द) 27 : 8

(ii) 18 और – 8 का समान्तर माध्य है :

(अ) 18 (ब) – 8

(स) 5 (द) 20

(iii) मूलबिन्दु तथा बिन्दु (5, 12) के बीच की दूरी होगी :

(अ) 5 (ब) 12

(स) 13 (द) 17

(iv) $\frac{\sin 70°}{\cos 20°}$ का मान होगा :

(अ) 0 (ब) – 1

(स) 1 (द) 2

(v) $r$ त्रिज्या तथा $h$ ऊँचाई वाले शंकु का आयतन होगा है :

(अ) $\pi r^2 h$ (ब) $2\pi rh$

(स) $\frac{1}{3}\pi r^2 h$ (स) $\frac{4}{3}\pi r^2 h$

1. खण्ड-(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) $\sin^2 35° + \cos^2 35°$ का मान ........... होगा।

(ii) यदि चक्रीय चतुर्भुज का एक कोण 80° हो, तो उसका सम्मुख कोण .......

(iii) संख्या 3 का 9 से पूरक ......... है।

(iv) यदि किसी श्रेणी का माध्य 50 तथा बहुलक 20 है, तो माध्यिका ....... होगी।

(v) वृत्त की सबसे बड़ी जीवा को ........ कहते हैं।


**2.** 60° को रेडियन में परिवर्तित कीजिए।

**3.** $(0011110)_2$ को द्विआधारी प्रणाली से दशमलव प्रणाली में परिवर्तित कीजिए।

**4.** द्विआधारी पद्धति की संख्या 110111 और 111011 का योगफल ज्ञात कीजिए।

**5.** यदि एक लम्ब त्रिभुजीय प्रिज्म के आधार पर परिमाप 60 सेमी. तथा ऊँचाई 15 सेमी. है, तो प्रिज्म का पार्श्व पृष्ठ ज्ञात कीजिए।

**6.** दिए गए चित्र में, O वृत्त का केन्द्र है। यदि $\angle x = 140°$ हो, तो $\angle y$ का मान ज्ञात कीजिए।




**7.** यदि वर्ग समीकरण $x^2 - 8x + k = 0$ के मूल बराबर हैं, तो $k$ का मान ज्ञात कीजिए।

8. यदि किसी समान्तर श्रेणी के $n$ पदों का योगफल $2n^2 + 4n$ है, तो श्रेणी के 5 पदों का योगफल ज्ञात कीजिए।

9. त्रिभुज $ABC$ का केन्द्रक ज्ञात कीजिए, जिसके शीर्षों के निर्देशांक $A(0, 0)$, $B(5, 5)$ तथा $C(4, 7)$ हैं।

10. यदि एक शंकु के आधार पर व्यास 14 सेमी. तथा तिर्यक ऊँचाई 25 सेमी. है, तो शंकु का सम्पूर्ण पृष्ठ ज्ञात कीजिए।

11. राकेश ने बैंक में ₹ 300 प्रतिमाह की दर से 5 वर्ष के लिए आवर्ती जमा खाता खोला। यदि ब्याज की दर 6% वार्षिक हो, तो 5 वर्ष पश्चात् उसे कितना ब्याज मिलेगा ?

12. $\Delta ABC$ में, सिद्ध कीजिए कि

$$\sin\left(\frac{A+B}{2}\right) = \cos\left(\frac{C}{2}\right)$$

13. यदि $2x + 1 : 5 :: x + 7 : 9$ हो, तो $x$ का मान ज्ञात कीजिए।

14. वर्ग समीकरण को हल कीजिए :


$x^2 - 5x - 6 = 0$

15. यदि $P = \frac{5x+2}{x+3}$ और $Q = \frac{x-4}{x+3}$ हो, तो $P + Q$ का मान ज्ञात कीजिए।

16. दो समरूप त्रिभुज $ABC$ तथा $PQR$ हैं, जिनकी परिमाप क्रमश: 30 सेमी. और 20 सेमी. हैं। यदि पहले त्रिभुज की एक भुजा की लम्बाई 12 सेमी. हो, तो दूसरे त्रिभुज की संगत भुजा की लम्बाई ज्ञात कीजिए।

**अथवा**

दिए गए चित्र में, यदि $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है, तो $x$ तथा $y$ का मान ज्ञात कीजिए।




17. यदि दो गोलों की त्रिज्याओं का अनुपात 1 : 3 है, तो उनके आयतनों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**अथवा**

यदि एक बेलन का आयतन $640\pi$ घन सेमी. तथा ऊँचाई 10 सेमी. है, तो बेलन का वक्र पृष्ठ ज्ञात कीजिए।

18. निम्न सारणी से माध्यिका ज्ञात कीजिए :

| वर्ग | 0–10 | 10–20 | 20–30 | 30–40 | 40–50 | 50–60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारम्बारता | 4 | 6 | 10 | 7 | 3 | 2 |

**अथवा**

एक थैले में 8 सफेद तथा 7 काली गेंदें हैं। यदि एक गेंद निकाली जाती है, तो इसमें एक काली गेंद होने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

19. समीकरण को हल कीजिए

$$\frac{\sin\theta}{1-\cos\theta}+\frac{\sin\theta}{1+\cos\theta}=4$$

**अथवा**

यदि $\cos\theta-\sin\theta=\sqrt{2}\sin\theta$ हो, तो सिद्ध कीजिए कि $\cos\theta+\sin\theta=\sqrt{2}\cos\theta$.

20. त्रिभुज $ABC$ का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसके शीर्षों के निर्देशांक $A(2, 2)$, $B(-4, 0)$ तथा $C(1, -1)$ हैं।

**अथवा**

सिद्ध कीजिए कि बिन्दुएँ $(1, 1)$, $(-1, -1)$ और $(-\sqrt{3}, \sqrt{3})$ किसी समबाहु त्रिभुज के शीर्ष हैं।

21. सिद्ध कीजिए कि

$$\sqrt{\frac{1+\cos\theta}{1-\cos\theta}}=\operatorname{cosec}\theta+\cot\theta$$

**अथवा**

एक त्रिभुज के कोणों का अनुपात 2 : 3 : 4 है। त्रिभुज के कोणों की माप अंश में ज्ञात कीजिए।

22. थेल्स प्रमेय को लिखिए तथा सिद्ध कीजिए।

**अथवा**

सिद्ध कीजिए कि वृत्त के केन्द्र से जीवा पर डाला गया लम्ब जीवा को समद्विभाजित करता है।

23. गुणनखण्ड कीजिए :

$$a^2(b+c)+b^2(c+a)+c^2(a+b)+3abc$$

**अथवा**

यदि किसी समान्तर श्रेणी का $n$वाँ पद $2n+5$ है, तो श्रेणी का 10वाँ पद तथा प्रथम 14 पदों का योगफल ज्ञात कीजिए।

24. रवि ने भारतीय स्टेट बैंक की एक शाखा में 1 वर्ष के लिए ₹ 20,000 सावधि खाते में जमा किया। यदि ब्याज की दर 8% वार्षिक हो, तो अवधि पूर्ण होने पर कितनी रकम प्राप्त होगी यदि ब्याज छ:माही संयोजित होता है ?

**अथवा**

राम की कुल वार्षिक आय (मकान किराया भत्ता छोड़कर) ₹1,80,000 है। यदि वह सामान्य भविष्य निधि में प्रतिमाह ₹ 1,800, समूह जीवन बीमा योजना में प्रतिमाह ₹ 150 तथा ₹ 18,000 वार्षिक जीवन बीमा प्रीमियम का भुगतान करता है, तो वित्तीय वर्ष में उसे कितना आयकर देना होगा ? आयकर गणना की सीमा—

(a) आयकर की दर :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | ₹ 1,10,000 तक | – | शून्य |
| (ii) | ₹ 1,10,001 से ₹ 1,50,000 तक | – | 10% |
| (iii) | ₹ 1,50,001 से ₹ 2,50,000 तक | – | 20% |
| (iv) | ₹ 2,50,000 से ऊपर पर | – | 30% |

(b) शिक्षा उपकर—आयकर की राशि पर 3% की दर से देय होगा।

25. निम्न सारणी से बहुलक ज्ञात कीजिए :

| वर्ग | 0–10 | 10–20 | 20–30 | 30–40 | 40–50 | 50–60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारम्बारता | 4 | 8 | 15 | 20 | 5 | 4 |

**अथवा**

निम्न सारणी से समान्तर माध्य ज्ञात कीजिए :

| अंक $(x)$ | 5 | 15 | 25 | 35 | 45 | 55 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारम्बारता $(f)$ | 5 | 3 | 10 | 18 | 8 | 6 |

26. यदि वर्ग समीकरण $x^2-6x+3=0$ के मूल $\alpha$ और $\beta$ हैं, तो $\frac{\alpha}{\beta}+\frac{\beta}{\alpha}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**अथवा**

यदि $a : b = c : d$ हो, तो सिद्ध कीजिए कि $\frac{a^2 - b^2}{cb} = \frac{c^2 - d^2}{cd}$ .

27. एक चक्रीय चतुर्भुज $ABCD$ की रचना कीजिए, जिसमें $AC = 7.5$ सेमी, $\angle ADC = 60°$, $CD = 4{\cdot}5$ सेमी. और $BC = 5$ सेमी.। रचना के पद भी लिखिए।

**अथवा**

त्रिभुज $ABC$ के परिगत वृत्त की भी रचना कीजिए, जहाँ $BC = 6$ सेमी., $\angle B = 55°$ तथा $\angle C = 70°$ है। रचना के पद भी लिखिए।